हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

06 निम्नागांव शासकीय स्कूल के 2 मेधावी छात्रों ...


08 संसार में दुख ही दुख है, संसार से मोह छूटने पर ...




## खबर संक्षेप

### जीपीएफ शिकायतों के लिए विशेष सप्ताह

**सीहोर।** राज्य के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अभिदाताओं की शिकायतों के समाधान के लिए 27 से 31 अक्टूबर तक शिकायत निवारण सप्ताह चलेगा। यह अभियान महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य अभिदाताओं की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना है। सेवा में पारदर्शिता और दक्षता लाने की दिशा में यह पहल की जा रही है। इस सप्ताह के दौरान जीपीएफ अभिदाता अपनी शिकायतें सीधे महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर में दे सकेंगे। सभी आहरण संवितरण अधिकारी और लेखा कार्यों से जुड़े अधिकारी शिकायतों की जांच कर तत्काल निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

### कार्यक्रम 5 नवंबर को

**सीहोर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 29वां राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 सांस्कृतिक और नवाचार थीम पर आयोजित किया जाएगा। इसके तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम 5 नवंबर को सीहोर में तथा संभाग स्तरीय 6 नवंबर को भोपाल में होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है।

### दुर्व्यवहार व फॉर्म न मिलने की शिकायत

**सीहोर ।** सीहोर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से दुर्व्यवहार और रिजर्वेशन फॉर्म वितरण में गड़बड़ी की शिकायत की गई है। नागरिक राजेंद्र सिंह राजपूत ने पश्चिमी रेलवे, रतलाम मंडल के डीआरएम को पत्र सौंपा। शिकायत में बताया कि स्टेशन पर सुबह 8 बजे से पहले और दोपहर 2 बजे के बाद रिजर्वेशन फॉर्म नहीं दिए जाते। इससे यात्रियों को परेशानी होती है। शिकायतकर्ता के अनुसार जनरल खिड़की पर तैनात कर्मचारी यात्रियों से अभद्र भाषा में बात करता है। जब कोई यात्री नियमों की जानकारी देता है, तो कर्मचारी उससे दुर्व्यवहार करता है। साइकिल स्टैंड के ठेकेदार पर भी यात्रियों से अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया गया है।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### किसानों की फसलें खुले आसमान के नीचे पड़ी है, अगली बोवनी की तैयारियों में भी होगी देरी

# मावठे ने बढ़ाई मौसम में ठंडक, खेत-खलिहान में पड़ी फसल पर खतरा, किसानों के माथे पर चिंता

### मौसम विभाग ने 25 से 29 अक्टूबर तक की दी चेतावनी, हल्की बारिश की भी संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिलेभर में गिरे मावठे ने जहां मौसम में हल्की सी ठंडक घोल दी है तो वहीं किसानों के माथों पर भी चिंता की लकीरें खींच दी है। दरअसल एक तरफ किसान जहां अपनी फसलों को समेटकर अगली बोवनी की तैयारियों में जुटे हुए थे, लेकिन बारिश के कारण उनकी ये तैयारियां थम गई है। इसके चलते जहां किसानों की अगली बोवनी में कुछ देरी होगी, वहीं खुले आसमान के नीचे पड़ी उनकी फसलें भी खराब होंगी। इधर मौसम विभाग द्वारा चेतावनी जारी की गई है, जिसमें 25 से 29 अक्टूबर तक मौसम के खराब होने का अनुमान लगाया गया है। हल्की बारिश की भी चेतावनी दी गई है।

जिलेभर में लगातार बदलते मौसम के बीच शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को अचानक से बारिश हो गई। यह बारिश कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी के रूप में हुई तो वहीं कई स्थानों पर तेज बारिश हो गई, जिसके चलते किसानों के काम भी बंद हो गए। रविवार को भी दिन में करीब ढाई घंटे तक बारिश होती रही। इसके कारण दिन का तापमान भी गिर गए एवं मौसम में ठंडक घुल गई। एक अनुमान के अनुसार पिछले 24 घंटे में लगभग 2 इंच बारिश हुई है। मौसम विभाग द्वारा एक जून 2025 से अब तक कुल 998.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आरएके कृषि महाविद्यालय सीहोर से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवा की दिशा प्रारंभ में पूर्व से एवं बाद के दिनों में उत्तर पूर्व से रहेगी। हवा की गति भी सामान्य से अधिक 05 से 13 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रहेगी।




#### मौसम में घुली ठंडक

*पिछले दिनों लगातार बदलते तापमान के बीच अचानक गिरे मावठे ने मौसम में अचानक से ठंडक भी घोल दी है। दीपावली एवं दीपावली के बाद अचानक से दिन का तापमान अचानक से बढ़ा हुई था, लेकिन पिछले 24 घंटों में यह तापमान गिरा है। रात का तापमान भी गिर गया है। मौसम विभाग ने इस वर्ष तेज सर्दी की आशंका व्यक्त की है।*

#### किसानों पर एक बार फिर संकट के बादल

दरअसल इस वर्ष जहां कई स्थानों पर अधिक वर्षा एवं कई स्थानों पर कम बारिश के चलते किसानों की फसलें खराब हो चुकी हैं तो वहीं अब जिन किसानों ने अपनी फसलें निकाल ली हैं उन्हें भी खराब होने का डर है, क्योंकि ज्यादातर स्थानों पर फसलें खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई हैं। जिले के भैरूंदा, रेहटी तहसील में मक्का की फसल निकल रही है, लेकिन अब बारिश के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान अगली फसलें चना, मसूर, गेहूं की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# प्रशासन की कार्रवाई को लेकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

### थाने के सामने धरने पर बैठे, समझाइश के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन






**बुधनी।** नगर में शनिवार को एक ओर प्रशासन ने शासकीय भूमि पर हुए कब्जे को हटाने की बड़ी कार्रवाई की, वहीं दूसरी ओर इस कार्रवाई को लेकर परिजनों ने इसका विरोध करते हुए थाने के सामने प्रदर्शन किया।

दिन में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास स्थित शासकीय भूमि पर चल रहे निर्माण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान परिजनों ने विरोध जताया , लगभग पाँच घंटे चली कार्रवाई के बाद प्रशासन ने भूमि को कब्जे में लेकर उस पर जालीदार बैरिकेडिंग लगाकर फेसिंग करवाई ताकि भविष्य में दोबारा कब्जा न हो सके। इस दौरान शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया वही शाम लगभग 9:00 बजे हिरासत में लिए गए लोगों के परिजन और स्थानीय नागरिक थाने के सामने एकत्र हो गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए प्रदर्शनकारियों ने मुख्य मार्ग को बंद कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति बिगड़ते देख एसडीओपी रवि शर्मा, एसडीएम डी.एस. तोमर और तहसीलदार ललित सोनी मौके पर पहुंचे तथा आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया पहले प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं थे, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि अगली सुबह सशर्त जमानत दी जाएगी इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कुछ देर बाद धरना खत्म किया और यातायात बहाल हुआ।उल्लेखनीय है कि शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग ने नोटिस जारी कर निर्माण रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन उसके बाद भी काम जारी रहा। अंततः शनिवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को मुक्त कराया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास हाल ही में बनाई गई कुछ दुकानों को भी हटाया गया। इस पर कुछ दुकानदारों ने आपत्ति जताई, लेकिन प्रशासन की कार्रवाई जारी रही और अंततः उक्त भूमि को पूरी तरह खाली कराकर फेसिंग कर दी गई।

### ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंट₹ पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए और ग्राम सभाओं में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी गतिविधियां आयोजित की जाएं। ग्राम सभाएं आयोजित करने का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है। जारी निर्देशानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन करने का दायित्व ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव का रहेगा, जिसका पर्यवेक्षण जनपद पंचायत सीईओ एवं संबंधित एसडीएम द्वारा किया जायेगा।

### विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**सीहोर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत युवा, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनसीसी एवं एनएसएस के सदस्य आदि ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीयन लिंक **https://mybharat.gov.in/** है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 है। युवा अपने पंजीयन के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं व लोगों के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा टेलीविजन पर प्रसारित मन की बात कार्यक्रम को देख सुनकर विधायक सुदेश राय ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों को आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी समान इस्तेमाल करने की शपथ दिलाई।

विधायक सुदेश राय सहित भारतीय जनता पार्टी के जिम्मेदार जिला स्तरीय पदाधिकारी और सीहोर नगर भाजपा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ अपने निवास स्थित कार्यालय में एकाग्रता ध्यानपूर्वक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन_की_बात के 127वें संस्करण को सुना और विधायक सुदेश राय ने प्रधानमंत्री के बताए हुए मार्ग पर चलने और उनके द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र और राज्य सरकार की जनहित योजनाओं को पहुचाने योजनाओं का लाभ दिलाने सहित भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य जनों को प्रोत्साहित किया। विधायक सुदेश राय ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल देशभर के लोगों को जोड़ता है, बल्कि राष्ट्रनिर्माण में हर नागरिक की भागीदारी का एहसास भी कराता है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की दिशा में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संवाद निरंतर हमें प्रेरित करता है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता का मौजूद रहे।

# श्री माधवमहाकाल आरोग्य आश्रम परिवार के तत्वावधान में 2 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी श्री माधवमहाकाल आरोग्य आश्रम परिवार के तत्वावधान में दो नवंबर को भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित मोहित राम पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर आज आश्रम परिवार के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी का यहां पर मौजूद परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया। इस मौके पर कथा व्यास पंडित पाठक ने कहाकि सेवा और दान के काम में हमेशा आगे रहना इसलिए ज़रूरी है, क्योंकि यह व्यक्ति और समाज दोनों के लिए कल्याणकारी होता है। यह न केवल ज़रूरतमंदों की मदद करता है, बल्कि देने वाले को भी मानसिक संतुष्टि और खुशी देता है।


हमारे तिवारी ऐसे सेवक है जो हमेशा दान और सहयोग के कार्य में रहते है। उनके द्वारा करीब 150 परिवार को गत दिनों दीपावली के अवसर पर राशन सामग्री के अलावा अन्य वस्त्र और आतिशबाजी का वितरण किया गया था। अपने सम्मान पर आभार व्यक्त करते हुए संस्कार मंच के संयोजक श्री तिवारी ने बताया कि हर समय सेवा कार्य में तत्पर रहना चाहिए। धनी आदमी ही दान नही करता है, दान कोई भी कर सकता है, दिल होना चाहिए। सर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामया... सिर्फ एक धारणा नहीं है।

यह मूर्त रूप ले सके, इसके लिए व्यवस्था भी बनाई गई है। दान उसी व्यवस्था का एक हिस्सा है। कहा जाता है कि बांटने से दुख घटते हैं, जबकि सुख बढते हैं। दान सुख की साझेदारी का जरिया है। अगर रूढियों से मुक्त होकर दान की सच्ची अवधारणा को समझा और उस पर अमल किया जा सके तो यह मनुष्यता के समग्र कल्याण का माध्यम बन सकता है। हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत दोनों में ही दान एक परंपरा के रूप में स्थापित है, जिसकी बडी महिमा बताई गई है। माना गया है कि सहृदयता और सहायता करने की सोच के साथ किसी जरूरतमंद को कुछ देने का ही अर्थ दान है। अपनी वस्तु पर से अधिकार हटाकर, जिसको दिया जा रहा है उसे उसका स्वामी बना देना, दान कहलाता है। यह अधिकार अगर किसी सुपात्र के हिस्से आता है तो देने वाले के मन को संतोष मिलता है और समाज के लिए भी हितकारी सिद्ध होता है। यानी जो वस्तु अपनी इच्छा से किसी को देकर वापस न ली जाए और साथ ही जिसे दी जा रही है उसके भी काम आए, वही सही अर्थों में दान है। भारतीय परंपरा में दान को कर्तव्य और धर्म दोनों ही माना जाता है। यही कारण है कि दान की महिमा को हमारी सभ्यता में बडे ही धार्मिक और सात्विक रूप में स्वीकार किया गया है। इसे बहुत कल्याणकारी कर्म माना गया है, क्योंकि इससे त्याग करने की क्षमता बढती है।

### सीवन नदी पर आकर्षक साज-सज्जा के साथ की गई साफ-सफाई

# छठ पर्व: भोजपुरी समाज द्वारा आज दिया जाएगा अर्घ्य, सीवन घाट पर तैयारी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस वर्ष भी आज सोमवार को लोक आस्था का पर्व छठ पूजा के दौरान भोजपुरी समाज द्वारा सांयकालीन डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया जायेगा। इस दौरान सीवन घाट पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा एवं साफ-सफाई की गई है। जानकारी देते हुए राकेश कुमार झा ने बताया कि छठ महापर्व पूरे चार दिन का होता है, जिसमें कि शनिवार को व्रतियों द्वारा लोकी चावल का सेवन (नहाय-खाय) करके इस त्योहार की शुरुआत की गई। कल रविवार को दूध चावल और गुड़ से निर्मित खीर बनाकर प्रसाद स्वरूप भगवान को भो लगाया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। पर्व का तीसरा दिन है, जिसमें डूबते हुए सूर्य देव को अर्ध्य दिया जायेगा। सभी देवी देवताओं में सूर्य ही एक ऐसे देव है, जिनके साक्षात दर्शन किये जाते हैं। घाट पर ही शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें छठी माई के गीतों की सुमधुर प्रस्तुति भी दी जायेगी एवं रात्रि में सुन्दरकाण्ड का भी आयोजन किया गया है। मौसम को देखते हुए घाट पर वारप्रुफ टेन्ट की भी व्यवस्था की गई है,जससे कार्यक्रम में कोई व्यवधान ना हो। इसी संदर्भ में आशीर्वाद स्वरूप छठ घाट पर पधारने हेतु अन्तराष्ट्रीय कथा वाचक परम श्रद्धेय श्री प्रदीप मिश्रा जी को भी भोजपुरी समाज के सदस्यों द्वारा आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार किया है, जिनके पधारने से छठ घाट की गरिमा और भी बढ़ जायेगी तथा अगले दिन समाज द्वारा उगते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया जायेगा एवं जनमानस के लिये सुखसमृद्धि की कामना की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### बिजली कंपनी का उपाय ऐप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चेकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्यवाही के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान हेतु एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है। उपभोक्ता अब उपाय के माध्यम से कंपनी के अधिकृत कर्मचारी की पहचान हेतु उससे कर्मचारी नंबर पूछकर उपाय एप के एम्पलाई वेरिफिकेशन फीचर के माध्यम से देख सकेंगे और अनधिकृत व्यक्ति तथा जालसाजों द्वारा बिजली कार्मिक बनकर किये जाने वाले धोखे से भी बच सकेंगे।

## एक साल से बनी हुई हैं खराब सड़क की स्थिति, राहगीर होते हैं दुर्घटना का शिकार

# अनदेखी: गोपालपुर से भैरुंदा तक सड़क बारिश में हुई थी जर्जर, अब तक नहीं हुआ मरम्मत कार्य

### अधिकारियों की अनदेखी, कलेक्टर साहब सड़क मार्ग से पहुंचे थे कृषि ऊपज मंडी सड़क मरम्मत करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा





गोपालपुर से भैरुंदा तक सड़क गड्ढों ओर जर्जर हालात में तब्दील हो गई। सड़क की हालात और रख रखाव मरम्मत कार्य करवाने जिम्मेदारी अधिकारियों की होती हैं। लेकिन इस सड़क मार्ग की ख़राब स्थिति बीते एक साल से बनी हुई हैं। बरसात में सड़क मार्ग से वाहनों से लेकर राहगीरों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ा तो वहीं लोग दुर्घटना का शिकार भी हुए थे। स्थानीय लोगोंओर राहगीरों ने मीडिया के माध्यम से अधिकारियों के संज्ञान में भी लगा गया। जिम्मेदारों की अनदेखी से सड़क की हालात जस की तस बनी हुई हैं। सड़क मार्ग के बीचों बीच बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। इन गड्ढों में वाहन फंस कर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों का रूख इस ओर नहीं हुआ।

### एक साल से बनी हुई है खराब सड़क की स्थिति राहगीर होते हैं दुर्घटना का शिकार

गोपालपुर से भैरुंदा तक सड़क मार्ग की जर्जर स्थिति पिछले एक साल से बनी हुई हैं। सड़क के बीचों बीच बड़े बड़े गड्ढे बन गए। इन गड्ढों में वाहन फंसकर दुर्घटना का शिकार भी हो रहे हैं। तो वहीं चार व दो पहिया वाहन भी फंसे थे।

इटावा कला बड़नगर की सड़क की स्थिति इतनी खराब हुई चुकी थी। वारिश के समय रोजाना वाहनों की रफ्तार थम रही थी। कीचड़ के कारण वाहन फंस रहे थे। जिससे वाहन चालक और राहगीर परेशान थे। वहीं सड़क के बीचों बीच बड़े गड्ढो में तब्दील हहै इन गड्ढों में रात के अंधेरे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### करोड़ों रुपए का पेजवर्क और सड़क निर्माण फिर भी हालात जस के तस

संदलपुर से भैरूंदा तक लगभग 40 किमी सड़क का मरम्मत पेजवर्क का कार्य करोड़ो रुपए की लागत से दो अगल अलग ठेकेदारों ने किया गया था। वहीं इटावा कला से बड़नगर दो किमी सड़क मार्ग का निर्माण कार्य किया गया था। दो बार निर्माण कार्य हुआ दूर भी सड़क की हालात जस की तसबनी हुई हैं।

बारिश के दौरान वाहन गड्ढों में फंसकर पलट गए। और दुर्घटना का शिकार होते रहे। इधर जिम्मेदार अधिकारियों का कहना था अभी वारिश का समय है वारिश खत्म होते ही सड़क का मरम्मत कार्य शुरू हो जाएगा। बरसात को खत्म हुए एक माह से ऊपर हो गया अभी तक सड़क के गड्ढे भी बने हुए है और जर्जर हालात भी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ।



### जर्जर सड़क की हालात देख कलेक्टर ने दिए निर्देश

सीहोर जिला कलेक्टर बाला गुरु के ने 24 अक्टूबर को जिले की कृषि ऊपज मंडी में पहुंचकर भाववंतर योजना अंतर्गत कृषि ऊपज मंडी में सायाबीन की खरीदी को लेकर निरीक्षण किया गया था। इस दौरान भैरूंदा से गोपालपुर सड़क मार्ग से होते हुए गोपालपुर कृषि ऊपज मण्डी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने खराब सड़क की हालात देखते हुए अधिकारियों को निर्देश देते हुएं तुरन्त सड़क का मरम्मत कार्य कराया जाए।

## किसानों का आरोप: व्यापारी ने आधार ओटीपी ली, खाद ब्लैक में बेच दिया, दर दर भटक रहे, किसी भी दुकानों से नहीं मिला खाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

खरीब से लेकर रवि सीज़न शुरू हो चुका हैं। लेकिन किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया, डीएपी खाद नहीं उपलब्ध हो सका। खरीब सीजन की फ़सल में मक्का किसानों ने यूरिया खाद की कमी से फ़सल की उत्पादन कम हुई। किसानों को जहां यूरिया, डीएपी खाद मिलने की सूचना मिली वहां से लेकर फ़सल में छिड़काव किया गया। उधर खाद बीज व्यापारियों ने खाद ,बीज की कालाबाजारी करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। निजी दुकानदारों ने किसानों को नकली खाद, बीज थमाकर उन्हें खूब ठगा था। तो वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की कार्रवाई कागजों तक सीमित रह गई। ऐसा ही एक मामला लाड़कई के जेन कृषि सेवा केन्द्र का सामने आया था।

जहा किसानों को सोयाबीन का नकली बीज बेचकर किसानों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। तो वहीं किसानों ने यूरिया की कालाबाजारी आरोप लगाया गया था। जहां एक कट्टी सरकारी मूल्य से अधिक में दी गई थी। जिसको लेकर किसानों ने सड़क पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया था। अधिकारियों ने मौके पर जाकर शासकीय मूल्य पर टोकन वितरण कुछ किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया। वहीं किसानों नक़ली बीज को लेकर अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई थी। जागरूक किसानों ने मीडिया और सोशल मीडिया माध्यम से जेन कृषि सेवा केन्द्र पर कार्रवाई हुई और बीज का लाइसेंस निरस्त कर दिया। और किसानों की सोयाबीन अंकुरित नहीं होने पर किसानों के द्वारा खरीदा बीज का पैसा वापस करना पड़ा।

### किसान बोले हमारे आधार ओटीपी से किसी ओर को ब्लैक में खाद बेच दिया, नहीं मिला यूरिया खाद

6अक्टूबर को किसानों ने वाहन रैली निकाली गई थी। इस दौरान एसडीएम तहसीलदार सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। किसानों ने अधिकारियों के सामने यूरिया डीएपी खाद, बिजली सहित अन्य समस्याएं बताई गई। इस दौरान जेन कृषि सेवा केन्द्र लाड़कई पर आरोप लगाते हुए कहा खरीब सीजन के समय जब किसान खाद की किल्लत से जूझ रहा था। तब हमारे पास से आधार ओटीपी ली गई। और यूरिया खाद किसी दूसरे लोगों को ब्लैक में वितरण कर दिया। अब हमें किसी भी दुकानों से यूरिया डीएपी खाद नहीं दिया जा रहा है।

ऐसे ही दर्जनों किसान हैं जिनके नाम पर अन्य लोगों को ब्लेक में खाद बेचा गया था। वे सभी किसान अब दर दर भटक रहे हैं। उन्हें किसी भी समिति से खाद नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी के खातों पर पहले से ही खाद दर्ज है। कृषि विभाग के अधिकारी बीएसराज ने भी माना कि यह बात सही है। किसानों के साथ धोखा किया गया था। नकली बीज बेचने पर उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

**कृषि विभाग की अधूरी कार्रवाई, खाद बीज दोनों में कालाबाजारी, बीज का लाइसेंस निरस्त किया:** जैन कृषि सेवा केन्द्र पर कृषि विभाग की अधूरी कार्रवाई पर किसानों ने अब सावल खड़े कर दिए। खरीब सीज़न में जैन कृषि सेवा केन्द्र पर खाद ,बीज मे गड़बड़ी पाई गई थी। इसकी जानकारी एसडीएम व कृषि विभाग को मिलते ही मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने कार्रवाई की गई। इस दौरान 10 हज़ार बोरी यूरिया खाद का स्टॉक मिला था। स्टॉक का खाद किसानों को वितरण करने के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान दुकान पर किसानों की बढ़ी संख्या में भीड़ पहुंची गई थी।

अधिकारियों की मौजूदगी में खाद वितरण शुरू कराया था। एक दिन कुछ किसानों को खाद वितरण किया गया। सर्वेयर डाउन का हवाला देकर दूसरे दिन आने का बोला गया। ओर सभी किसानों से आधार कार्ड जमा करवा किए गए थे। दूसरे दिन सभी किसानों से आधार ओटीपी ली गई। फिर सर्वेयर डाउन को बोला गया। इधर 10 हज़ार बोरी यूरिया की किसानों के खातों में दर्शा दी गई। उनको मिलने बाला खाद दूसरे लोगों को ब्लैक में बेचा डाला। तहसील सहित अन्य किसानों को निकली सोयाबीन का बीज बेचकर मोटा मुनाफा कमाना। बीज अंकुरित नहीं होने पर किसान व्यापारी की दुकान पहुंचे।

किसानों ने कहा बीज अंकुरित नहीं हुआ। या तो बीज दूसरा दो या पेमेंट लौटा दो। इस दौरान व्यापारी ने कहा बिल दिखाओ किसी के पास ओरिजन बिल नहीं है कुछ नहीं मिलेगा। जहा शिकायत करना है कर दो। किसानों ने एसडीएम व कृषि विभाग को नकली बीज और नकली बिल को लेकर शिकायती पत्र सौंपा गया कार्रवाई की मांग की गई थी। जागरूक किसानों ने लगातार कार्यवाही की मांग को लेकर आड़े रहे। इस दौरान किसानों को व्यापारी से दुकान पर आने की बात कही। किसान दुकान पर पहुंचे। जहां किसानों को बीज का पैसा वापस लौटाया गया। कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए बीज का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। लेकिन खाद को लेकर भी फर्जीवाड़ा किया उसके ख़िलाफ़ कार्रवाई नहीं हुई। किसानों की मांग है कि खाद का लाइसेंस भी निरस्त हो।

## निम्नागांव शासकीय स्कूल के 2 मेधावी छात्रों को मिली स्कूटी सरपंच व शाला प्राचार्य ने छात्रों को स्कूटी की चाबी सौंपी





**भैरुंदा।** प्रदेश सरकार की विशेष योजना के तहत 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी दी जा रही है। इसी कड़ी में भैरुंदा के निम्नागांव शासकीय स्कूल में इस योजना का लाभ दो मेधावी छात्रों को स्कूटी प्रदान की शनिवार को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निम्नागांव में दो मेधावी छात्रों को स्कूटी की चाबी सौंपी गई।

सत्र 2023-24 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र रामकृष्ण सैनी और छात्रा सलोनी सैनी को यह सम्मान मिला। इस अवसर पर कक्षा 6 के पांच बालक,बालिका को साईकिल वितरण की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच शिवनारायण बकोरिया एवं शाला प्राचार्य श्रीराम पेठारी सहित पालकगण, समस्त शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं मौजूद थे। इस दौरान स्कूल प्राचार्य श्रीराम पेठारी ने बताया कि निम्नागांव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो छात्रों को शासन द्वारा स्कूटी प्रदान की गई है। वहीं कक्षा 6 के पांच बालक बालिका साईकिल वितरण की गई।

## जुआ खेलते हुए पुलिस ने 21040 रुपए किए जब्त



**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जुआ खेलते हुए 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से 21,040 रुपए नगद राशि एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर को रेहटी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चौहान होटल, रेहटी में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से रुपये की हार-जीत पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर हमराह बल के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों में क्रमशः देवेन्द्र सिंह पिता प्रेम सिंह चौहान, उम्र 32 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 02, आवास कॉलोनी, रेहटी, मनोज महेश्वरी पिता तेजपाल महेश्वरी, उम्र 48 वर्ष, निवासी चोपड़ा कॉलोनी, रेहटी, अनिल चौहान पिता स्व. अमीर सिंह चौहान, उम्र 34 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 14, पटेल कॉलोनी, रेहटी, राजकुमार ठाकुर पिता स्व. यशवंत सिंह ठाकुर, उम्र 44 वर्ष, निवासी मेन रोड, रेहटी, राजेन्द्र चौहान पिता स्व. प्रेम सिंह चौहान, उम्र 33 वर्ष, निवासी होली टेकरी, रेहटी, सुमित महेश्वरी पिता मोहनलाल महेश्वरी, उम्र 24 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 06, बाड़ी मोहल्ला, रेहटी, रोहित चौहान पिता मंगल सिंह चौहान, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड क्र. 12, रेहटी शामिल हैं। आरोपियों के पास से 21,040 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए गए। आरोपियों का कृत्य धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत पाया गया। सभी आरोपियों को धारा 35 बीएनएसएस के तहत नोटिस तामील कर न्यायालय में उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया तथा अपराध क्रमांक 572/25 धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## आयुक्त ने किया वार्डों की सफाई कार्य व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण

# अनुपस्थित सफाई कर्मचारी की सेवा समाप्त करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा शहर की सफाई कार्य व्यवस्थाओ का सतत रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण मे कार्य के प्रति लापरवाही करने वाले दरोगाओं के साथ ही हाजरी लगाकर काम नही करने वाले सफाई कर्मियों एवं लंबे समय से कार्य से अनुपस्थित कर्मचारियों पर विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को दिए गए है।

### सुबह 7.30 बजे पहुंचे फील्ड पर, सेवा समाप्त करने दिए निर्देश

आयुक्त दलीप कुमार शनिवार सुबह 7.30 बजे फील्ड पर पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने शहर के वार्ड क्रमांक 17, 18, 19 एवं 21 मे सफाई व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। वार्ड 17 मे सोनिया गांधी नगर, दिग्गीराजा नगर मे कचरा पाईंट पाए जाने पर दरोगा को मौके पर सख्त निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों मे कचरा सार्वजनिक स्थानों पर नही पाया जाना चाहिए। अन्यथा आगामी निरीक्षण मे कार्यवाही की जाएगी। इसी वार्ड मे लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले एक सफाई मित्र की सेवा समाप्त करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को मौके पर दिए।



### कचरा फेंकने वालों को करे चिन्हित

आयुक्त द्वारा वार्ड 18 मे स्थित बावडीया मे निरीक्षण के दौरान अमर नामक व्यक्ति द्वारा अपने घर के नजदीक ही सार्वजनिक स्थान पर घर का कचरा फेंककर गंदगी फैलाने पर आयुक्त कुमार ने 5 सौ रूपये की चालानी कार्यवाही करने निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी व एसआई को दिए। आयुक्त द्वारा वार्ड 19 ढांचा भवन मे सरस्वती स्कूल के पास खुले प्लाटों पर स्थानीय लोगों द्वारा कचरा फैंका गया था, जिस पर आयुक्त ने निर्देश दिए कि उन्हें चिन्हित कर उन पर चालानी कार्यवाही करे। साथ ही संबंधित प्लाट मालिकों को सूचना पत्र जारी करें कि वे अपने प्लाट पर फेंसिंग करें।

### आधार आधारित अटेंडेंस पर दिया जोर

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा शासन द्वारा निर्धारित आधार बैस अटेन्डेंस की उपस्थिति की जांच वार्ड दरोगाओं से ली गई तथा निर्देशित किया गया कि जो कर्मचारी हाजरी लगाने के पश्चात सौंपा कार्य नहीं करते हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। वार्ड 21 के दरोगा भरत द्वारा कार्य मे लापरवाही करने, सफाई व्यवस्था मे प्रभावी नियंत्रण नही रखने पर नोटिस जारी करने निर्देश दिए।

### तय समयावधि में हो कचरा संग्रहण

आयुक्त द्वारा इन वार्डो मे घरों घर कचरा संग्रहण वाहनों का मौका निरीक्षण किया गया। वाहनों पर चालक व हेल्पर को सख्त निर्देश जारी किए गए कि निश्चित समयावधि मे पूरे वार्ड के घरों से कचरा संग्रहित करें। आयुक्त के निरीक्षण मे निगम स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार व वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

## बस सेवा बंद होने से यात्रियों को परेशानी, मांग-जल्द हो शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

अटल सिटी ट्रांसपोर्ट कंपनी की इंदौर-राधौगढ़, चापड़ा, हाटपिपल्या और सतवास मार्ग की बसें बंद होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।इस समस्या को लेकर भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और सीईओ अर्थ जैन को ज्ञापन सौंपा। पुरोहित ने बताया कि बस सेवाएँ, जिनमें मां एसोसिएट की बसें भी शामिल हैं, बंद हो चुकी हैं। बस सेवा पुनः शुरू करने को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी दो से तीन महीनों में नई सीएनजी बसें आने वाली हैं, जिनके संचालन के साथ बस सेवाएँ फिर से शुरू की जाएंगी। पुरोहित ने बताया कि महापौर और सीईओ जैन ने बसों को शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने रतनपुर, पिपरी, उदयनगर और पुंजापुरा जैसे दूरस्थ आदिवासी अंचलों को जोड़ने के लिए नए बस रूट शुरू करने की भी मांग की। इस अवसर पर ललित यादव, सुदीप पाठक, यश सेनी उपस्थित रहे।

### नपा की लापरवाही से समय पर जनरल वेस्ट नहीं उठा रही कचरा गाड़ी

# राजगढ़ जिला अस्पताल में बढ़ा कचरा न उठाने व पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल में नगरपालिका की कचरा गाड़ी द्वारा सामान्य (जनरल) वेस्ट न उठाने और समय पर पानी की सप्लाय न होने के कारण स्थिति बिगड़ती जा रही है। जिला अस्पताल परिसर में कचरे के ढेर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे मरीजों, परिजनों और अस्पताल स्टाफ को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आवारा पशु भी जिला अस्पताल में इकट्ठे होने के कारण समस्या और बढ़ा रहे हैं। गाय व स्वान को कचरे के ढेर पर मंडराते देखा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, कई दिनों से नगरपालिका की कचरा गाड़ी अस्पताल से सामान्य कचरा उठाने नहीं आ रही है इस कारण अस्पताल के वार्डों, इमरजेंसी और ओपीडी के आसपास सड़ा-गला कचरा जमा हो गया है, जिससे संक्रमण और बदबू की समस्या बढ़ गई है। वहीं कई दिनों से पानी की सप्लाय न होने के कारण जिला अस्पताल में मरीजों एवं स्टाफ को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्र बताते हैं कि राजगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष को जब जिला अस्पताल के अधिकारियों से कोई काम करवाना होता है या किसी कर्मचारी पर दबाव बनाना होता है तो वह इस तरह की कार्यप्रणाली को अपनाते





हैं जिससे सभी की परेशानी बढ़ जाती है और काम करवाने में आसानी होती है। ऐसा नहीं की कचरा व पानी से संबंधित सूचना नगरपालिका अधिकारी तक नहीं पहुंचती है परंतु उस पर ध्यान नहीं दिया जाता।

#### आरएमओ कोहली बोले कई बार ऐसा हो जाता है

जिला अस्पताल में पानी सप्लाय और जनरल वेस्ट को न हटाने जैसी समस्या का कई बार हमें सामना करना पड़ता परंतु नगरपालिका इन सार्वजनिक कामों को प्राथमिकता में क्यों नहीं लेती यह समझ से बाहर है। डॉ अमित कोहली ने बताया कि इन जरूरी कामों के लिए भी हमें कई बाद कई दिन तक परेशान होना पड़ता है।

#### बढ़ रहा संक्रमण का खतरा

कचरे में इस्तेमाल किए गए मास्क, ग्लव्स, खाद्य अवशेष व अन्य सामान्य वेस्ट पड़े रहने से मच्छरों व आवारा जानवरों की संख्या बढ़ रही है। मरीजों की सेहत पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है और संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

#### अस्पताल प्रशासन की नाराजगी

अस्पताल प्रबंधन ने कई बार नगरपालिका को इस बारे में अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिकारी इसे स्वास्थ्य सेवाओं की उपेक्षा और जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बता रहे हैं।

#### इनका कहना है...

हमारे यहां से तो पानी की सप्लाय हो रही है। बात रही कचरे की तो दिखवाता हूं क्यों जनरल वेस्ट को नहीं उठाया जा रहा।

पवन अवस्थी
सीएमओ नगरपालिका राजगढ़

### खनन माफिया बेखौफ...

# खनिज विभाग की अनदेखी के कारण लगातार जारी है रेत का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास




सेकनपुर रेत खदान पर माफिया का कब्जा खुलकर सामने आ गया है। पार्वती नदी से बड़े पैमाने पर अवैध खनन जारी है। खदान पर दिन-रात पोकलेन मशीन चल रही है। रात के अंधेरे में ट्रैक्टर ट्रॉली रेत भरकर सड़क पर फर्राटा भर रहे हैं। रातभर करीब 100 से ज्यादा ट्रैक्टरों में रेत भरी जाती है। यह मुनाफा सीधे माफियाओं से लेकर उन्हें संरक्षण देने वाले अफसरों तक जा रहा है। शहर तक अवैध परिवहन हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि खदानों से निकलकर ट्रैक्टर सीधे मुख्य सड़कों पर दौड़ रहे हैं, मगर पुलिस और खनिज विभाग की नजरें उनसे बची रहती हैं। पार्वती नदी में खुलेआम अवैध खनन हो रहा है। पार्वती नदी में कुछ दिनों से दिन एवं रात में मशीन से अवैध रेत का कारोबार चल रहा है। मशीन के माध्यम से नदी को छलनी किया जा रहा है। मशीन के द्वारा रेत छानकर पार्वती नदी से ले जा रहे है। मशीन से एक ट्रॉली भरने के 3200 रुपए लिया जाता है जिसकी रॉयल्टी भी नहीं दी जाती है। दिन एवं रात 80 से 100 ट्राली रेत बाजार में 6000 से 7000 रूपये में बेच रहे हैं।

**पुलिस थाने के सामने से ही निकलते हैं रेत से भरे ट्रैक्टर:** चौकी के सामने से निकलते रेत से भरे ट्रैक्टर चौकी प्रभारी ट्रैक्टर को रोकना तो दूर की बात रेत से भरे ट्रैक्टर को देखना भी पसंद नहीं करते। इसलिए रेत माफिया खुलेआम रेत को पार्वती नदी से लेजाकर बाजार में बेच रहे हैं।

#### इनका कहना है...

*हम अभी भावांतरण में लगे हुए हैं। नायब तहसीलदार से बात कीजिए इस विषय में।*

*तोजीराम अहिरवार*
*सुठालिया तहसीलदार*

## राज्यमंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण



**सारंगपुर।** शनिवार को राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने सारंगपुर सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वार्डों में जाकर मरीजों से सीधे संवाद किया और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मंत्री टेटवाल ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं, स्वच्छता व्यवस्था और समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मंत्री ने कहा कि "जनसेवा ही हमारा संकल्प है, स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध समाज का आधार हैं। उन्होंने चिकित्सकों से मानवता और सेवा भाव के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ सरिता यादव,अरुण दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीसीएम ने किया था उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

# नदारत मिली फूलखेड़ी व बड़बेली केंद्रों की सीएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं भगवान भरोसे ही चल रही हैं। अनेकों क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केंद्र या तो खुलते ही नहीं हैं या वहां पदस्थ सीएचओ (कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर) अक्सर नदारत मिलती हैं। लगातार मिल रही इस तरह की शिकायतों के बाद सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल के निर्देशों पर डीसीएम सुनील वर्मा ने शनिवार को राजगढ़ और खिलचीपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (उप-स्वास्थ्य केंद्रों) का औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण के दौरान खिलचीपुर क्षेत्र का बड़बेली केंद्र खुला तो मिला लेकिन वहां ग्रुप-डी के कर्मचारी ही उपस्थित पाए गए। डीसीएम वर्मा ने बताया कि यहां




पदस्थ सीएचओ कीर्ति देशमुख केंद्र पर उपस्थित नहीं मिलीं। इस बारे में ग्रामीणजनों से चर्चा करने पर उनका कहना था कि सीएचओ दीपावली के पूर्व से ही केंद्र पर नहीं आ रही हैं। इसी तरह राजगढ़ ब्लॉक के फूलखेड़ी उप-स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण के दौरान बंद ही पाया गया। निरीक्षणकर्ता अधिकारी को ग्रामीणों ने बताया कि यहां पदस्थ सीएचओ सीमा संजोदिया भी दीपावली के पहले से ही केंद्र पर नहीं आ रही हैं।

#### पीएम सुरक्षित मातृत्व दिवस पर ऐसी लापरवाही

उल्लेखनीय है कि शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया है जिसमें हाईरिस्क गर्भवति महिलाओं को विशेष चेकअप इत्यादि किए जाने थे। विभाग के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम दिवस पर भी फूलखेड़ी और बड़बेली के सीएचओ के केंद्र से नदारत रहने को बड़ी लापरवाही मानते हुए अब विभाग द्वारा दोनों सीएचओ पर आगामी कार्यवाही की जा रही है।

## एनएसयूआई ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**ब्यावरा।** सुठालिया महाविद्यालय में एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर के नेतृत्व में कॉलेज अध्यक्ष संदीप लोधी द्वारा छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष अंकित सरावत, एनएसयूआई विधानसभा उपाध्यक्ष लाला गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष जोधाराम, सप्पु गुर्जर टोडी, विधानसभा सचिव राजू ,कृष्णा सहित सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

### सरकारी योजनाओं में घपलेबाजी का काम कर रहा था गिरोह

# 'ऑपरेशन शटर डाउन' में राजगढ़ से भी 1 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले की सीमा से सटे राजस्थान राज्य की झालावाड़ पुलिस ने 'ऑपरेशन शटर डाउन' के तहत झालावाड़ सहित अन्य स्थानों से 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं में भारी घपलेबाजी करते हुए फ्रॉड कर रहे थे। इन 30 आरोपियों में राजगढ़ जिले के कालीपीठ थाने के ग्राम देहरीनाथ निवासी विट्ठल पिता गंगाराम तंवर को भी पकड़ा गया है।

झालावाड़ एसपी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस की 70 से अधिक टीमों ने उक्त ऑपरेशन को अंजाम दिया जिसमें अभियुक्तों के पास से 53 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीनें, 12 लग्जरी



कारें, 11 हजार से अधिक संदिग्ध बैंक अकाउन्ट्स, 35 लेपटॉप, 16 बाइक, बड़ी मात्रा में सिमकार्ड, फिंगर प्रिंट स्कैनर, एटीएम कार्ड, फर्जी सील, मोहरें, हार्ड डिस्ट व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाईसें जब्त की गई हैं। ये अंतराज्जीय गिरोह पीएम किसान सम्मान निधि, समाज कल्याण, मुआवजा संबंधी योजनाओं में सरकारी सिस्टम से धोखाघड़ी कर रहा था। गोपनीय सूचना मिलने के बाद 30 अलग-अलग रेड पार्टियां बनाई गई जिन्होंने एकसाथ विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 30 आरोपियों व उनके पास से अनेकों संदिग्ध सामानों को बरामदगी में लिया गया है। यह पूरा मामला सायबर क्राईम से जुड़ा हुआ है।

#### मामला गंभीर इसलिए एसआईटी भी गठित

11000 से अधिक बैंक अकाउन्ट्स में सरकारी योजनाओं की राशि डालने के इस गंभीर अपराध की विवेचना के लिए राजस्थान पुलिस ने एसआईटी का भी गठन किया है। एसआईटी में शामिल पुलिस अधिकारी सूक्ष्मता के साथ पूरे मामले की पड़ताल करने में जुटे हुए हैं।

### जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए अहम निर्देश

# हर शनिवार भी खोली जाएं सभी सोसायटी व समितियां: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीआर द्वारा बताया गया कि जिले में पिछले वर्ष की तुलना में यूरिया, डीएपी, एनपीके खाद 40 सहकारी समितियो में गत वर्ष की तुलना में अधिक मात्रा में पहुंचाया गया है। जिस पर कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम एवं सीसीबी महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि इस वर्ष अधिक खाद के अंतर की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि जिले की सभी सोसायटियां एवं डबल लॉक समितियां हर




शनिवार को भी खोली जाएं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा पूर्व में बावड़ीखेड़ा सहकारी समिति के निरीक्षण के दौरान सोसायटी में कमियां पाई गई थीं जिन पर कोई कार्यवाही न किए जाने पर डॉ. मिश्रा द्वारा घोर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने दो दिवस में कार्यवाही प्रतिवेदन से अवगत कराए जाने के निर्देश दिए।

जिले की 40 सहकारी समितियो में गत वर्ष रबी सीजन 2024- 25 में भंडारित यूरिया, डीएपी, एनपीके की मात्रा वर्तमान रबी सीजन 2025- 26 में मांग से अधिक यूरिया, डीएपी, एनपीके सहकारी समितियों में भेजने पर कलेक्टर ने जिले के समस्त अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त समितियों का फिजिकल निरीक्षण कर रिपोर्ट आगामी सोमवार तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

#### 22 उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस जारी

बैठक में उप संचालक कृषि सचिन जैन द्वारा बताया गया कि जिले के 22 उर्वरक विक्रेता दुकानदारों द्वारा यूरिया खाद की पोस मशीन पर एंट्री इंद्राज नहीं करने के कारण स्टॉक जीरो प्रदर्शित हो रहा है, जबकि विक्रेताओं को यूरिया प्रदान किया गया है। उक्त संबंध में उपसंचालक कृषि द्वारा उक्त 22 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## आरा मशीन मालिक ही कर रहा था लकड़ियों का अवैध परिवहन

### वनविभाग के उड़नदस्ते ने लकड़ियां जब्त कर की कार्रवाई



**राजगढ़।** हरियाली के दुश्मनों द्वारा क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलवाई जा रही हैं। एक दिवस पूर्व ही नरसिंहगढ़ क्षेत्र में राजस्व टीम द्वारा करीब आधा सैकड़ा से अधिक कटे पेड़ों को जब्ती में लिया गया था। ताजा मामले में वन विभाग की स्पेशल टीम ने पचोर-खुजनेर मार्ग पर गीली लकड़ियों का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक टैक्टर-ट्रॉली पकड़ी है। इन लकड़ियों का परिवहन खुजनेर के आरा मशीन मालिक घनश्याम पिता गिरधारी करवाया जा रहा था। वन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी देवकरण भिलाला को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद संबंधित स्थल पर घेराबंदी की गई। तभी सामने से एक टैक्टर-टॉली में बबूल की लकड़ियां भरी हुई पाई गई। जब टैक्टर को रुकवाकर इन लकड़ियों के संबंध में कागजात मांगे गए तो चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर टीम ने वन अपराध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इस कार्यवाही में वन क्षेत्रपाल मोहन सिंह सोनगिरा, उप वन क्षेत्रपाल रणजीत सिंह गुर्जर, वनपाल जीतेंद्र, सुमेर का योगदान रहा। वन विभाग ने आरामशीन मालिक पर प्रकरण दर्ज किया है।

# छुट्टियों के बाद खुली मंडी में किसान भावांतरण योजना के तहत बेच रहे फसल



**खिलचीपुर।** लगातार पांच दिन की छुट्टियों के बाद खिलचीपुर कृषि उपज मंडी खुली। 1 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक मंडी में 16,000 क्विंटल सोयाबीन आवक हुई थी। शुक्रवार को भावांतर योजना की शुरुआत के साथ आसपास के क्षेत्र के किसान गुरुवार रात 10 बजे से ही अपनी उपज लेकर मंडी में पहुंच गए। शुरुआत में पंजीयन पोर्टल का सर्वर धीमी गति से चलने के कारण किसानों को परेशानी हुई। मंडी में किसानों की भीड़ की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती मंडी प्रांगण पहुंचे, उन्होंने प्रवेश पर्ची काउंटर पर किसानों को व्यवस्थित किया और दो-दो किसानों की लाइन बनाकर पर्ची प्रकिया सुचारू रूप से व्यवस्थित करवाया। लगभग 12 बजे से नीलामी बोली शुरू हुई, जिसमें सोयाबीन का भाव 3,300 से 4,300 रुपए प्रति क्विंटल रहा। मंडी सचिव ने किसानों से अपील की माल साफ-सुतरा करके लाएं और भावांतरण योजना का लाभ उठाएं। मंडी सचिव ने बताया पंजीयन और दस्तावेज जैसे आधार नंबर सहित प्रवेश पर्ची जरूरी है। किसान व्यापारी से नगद भुगतान न लें, बल्कि सभी भुगतान सीधे आरटीजीएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में ही जमा होंगे। शासन के निर्देशों के अनुसार मंडी समिति पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संचालित करने में जुटी है।

## दिव्य शिवगंगा की कथा का होगा वाचन

**ब्यावरा।** भव्य एवं दिव्य शिवगंगा कथा, पूर्वजों की स्मृति में रुदीपस्तंभ प्रतिष्ठा एवं गंगा महाआरती। ब्यावरा शहर का सौभाग्य है कि प्रदेश के पहले भव्य विग्रह स्वरूप मां गंगा का आशीर्वाद हमे मिला है एवं सनातन में दीपक के अद्भुत महत्व स्वरूप इस कार्तिक पूर्णिमा पर दीपस्तंभ के रूप में मां की कृपा हमे मिली है। इस बार शिवगंगा की अद्भुत कथा प्रमोद नागर के श्रीमुख से सुनकर माता की महिमा से अपने जीवन को धन्य बनाए एवं दीप लगाकर महा आरती कर मां गंगा के प्रति अपनी कृतज्ञता समर्पित करते हैं।

### सीएमएचओ के निरीक्षण में राजगढ़, खुजनेर, ब्यावरा में मिली कई अव्यवस्थाएं

# प्रसूताओं से जुड़े मातृत्व शिविरों में भी जिम्मेदारों ने बरती लापरवाहियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। शिविरों में व्यवस्थाओं की कमी पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने कड़ा रुख अपनाया है। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने राजगढ़, खुजनेर और ब्यावरा अस्पतालों में पहुंचकर शिविरों का औचक निरीक्षण किया, जहां अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों को चेतावनी पत्र जारी करने के साथ-साथ ड्यूटी पर अनुपस्थित डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ. पटेल के निरीक्षण के दौरान ब्यावरा अस्पताल में लगे शिविर के दौरान ड्यूटी डॉक्टर डॉ. आरके जैन मौके पर अनुपस्थित पाए गए। इतना ही नहीं, मरीजों ने भी डॉक्टर की अनुपस्थिति को लेकर शिकायत दर्ज की। इस लापरवाही पर डॉ. पटेल ने तत्काल डॉ. जैन को कारण बताओ




नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

#### खुजनेर में अव्यवस्था पर संस्था प्रभारी तलब

खुजनेर अस्पताल में आयोजित शिविर में भी उचित व्यवस्थाओं का अभाव दिखा। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक न पाए जाने पर सीएमएचओ ने संस्था प्रभारी को तलब किया है और उनसे जवाब मांगा है।

#### नरसिंहगढ़ क्षेत्र में 3 मेडिकल स्टोर किए सील

सीएमएचओ डॉ पटेल को नरसिंहगढ़ ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम गादिया में दीपक बाला एवं गीता मेडिकल स्टोर की आड़ में कुछ लोग अवैध क्लीनकली प्रैक्टिस करते हुए पाए गए। इन मेडिकल स्टोर्स पर कोई फार्मासिस्ट भी नहीं मिला। प्रेक्टिस करने वालो के पास डिग्री, मेडिकल प्रेक्टिस करने का रजिस्ट्रेशन आदि डॉक्यूमेंट भी नहीं पाए गए। इसके चलते सीएमएचओ ने सीबीएमओ डॉ. आरके अहिरवार के साथ संयुक्त कार्रवाई कर क्लीनिक एवं मेडिकल स्टोरों को सील कर दिया।

#### गर्भवती महिलाओं की सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने शिविर में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की जाँच, उपचार और उन्हें उचित परामर्श देने के कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समस्त स्वास्थ्य अमले को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. पटेल ने जोर देते हुए कहा की ग्रामीण क्षेत्रों के दूर-दराज इलाकों से गर्भवती महिलाएं बहुत परेशानी उठाकर आती हैं। ऐसे में उन्हें दी जाने वाली सेवाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। यदि आगे कोई भी कमी पाई गई तो संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधीनस्थ अमले को सभी हाई रिस्क महिलाओं को उचित उपचार और अगली जांच के लिए बुलाने का काम जिम्मेदारी से करने को कहा।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य केंद्रों में की महिलाओं की जांच

**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिए प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 25 अक्टूबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 417 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 167 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रो में रेफर किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जाँच के लिये निशुल्क पिक अप एवं ड्राप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### फरार आरोपियों को पकड़ने इनाम की घोषणा

**देवास।** थाना बैंक नोट प्रेस के अपराध में फरार आरोपी दीपक पिता कमल चौहान निवासी ग्राम सिया की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक देवास द्वारा 2000 रूपये के नकद पुरस्कार की उद्घोषणा की गई। वहीं थाना बैंक नोट प्रेस के अपराध में फरार आरोपी शशिकांत ग्राम टोंककला की गिरफ्तारी पर 2000 रुपए के नकद पुरस्कार की उद्घोषणा की गई। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। सूचना देने के लिए पुलिस कंट्रोल रुम-7049125083 एवं थाना बैंक नोट प्रेस- 8770716862 के नंबरों पर करें। थाना महिला थाना के अपराध में फरार आरोपी सुनिल मुनिया निवासी ग्राम हावली पेटलावद जिला झाबुआ की गिरफ्तारी के लिए 2000 रूपये के पुरस्कार की उद्घोषणा की है।

### प्रसिद्ध राम मंदिर 7 माह से त्रिपाल के भरोसे, निर्माण की उठी मांग

# मंदिर निर्माण कराने, समिति की सद्बुद्धि के लिए किया हनुमान चालीसा का पाठ

**वर्षों पुराना प्राचीन राम मंदिर जीर्ण शीर्ण हो गया, तिरपाल के भरोसे है मंदिर, निर्माण शुरू नहीं होने से नागरिक में है आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर के हृदय स्थल में स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर इन दिनों जीर्ण शीर्ण हालात में होने के चलते अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। हालत ऐसे हैं कि पिछले 6 माह से यह मंदिर त्रिपाल के भरोसे है, जिससे अब इस मंदिर की समिति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में अब सनातन धर्म और भगवान श्रीराम में आस्था रखने वाले सामाजिक लोगों में गुस्सा पनप रहा है और समिति को जमकर कोस रहे हैं। लिहाजा शनिवार को श्रीराम मंदिर निर्माण समिति की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया और जल्द से मंदिर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की गई।

आपको बता दें की नगर का एक मात्र श्री राम मंदिर शहर के मुख्य मार्ग बुधवारा रोड पर स्थित है जिसे नगर का हृदय स्थल भी कहा जाता है जोकि 50 वर्षों से ज्यादा पुराना हो गया है और जीर्ण शीर्ण हालात में गया था और कई वर्षों से नागरिक मंदिर निर्माण की मांग कर रहे थे। ऐसे में कुछ माह पूर्व मंदिर निर्माण का हवाला देकर मंदिर समिति ने मंदिर प्रांगण को तोड़ दिया। लेकिन 6 माह से ज्यादा समय बीत चुका है मंदिर निर्माण का कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है ऐसे में मंदिर प्रांगण में लगी त्रिपाल भगवान श्री राम के भक्तों को मुंह चिड़ा रही है जिससे अब लोगों में धीरे धीरे मंदिर समिति के खिलाफ आक्रोश पैदा हो रहा है वहीं मंदिर को भव्य और विशाल बनाने की रणनीति भी बनाई जा रही है।

#### समिति की कार्यप्रणाली पर सवाल

स्थानीय प्राचीन राम मंदिर के जीर्णोद्धार के नाम पर हो रही लापरवाही और मनमानी से समाज के लोगों अब का धैर्य जवाब दे चुका है। ऐसे में शनिवार को श्रीराम मंदिर में श्री भक्तों ने समिति की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया और मौजूद लोगों ने कहा की मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 7 महीने पहले मंदिर को तोड़ दिया गया लेकिन अब तक मंदिर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। और यह शर्मनाक है कि 7 महीने बाद भी मंदिर जस का तस, टूटा-फूटा और जीर्ण-शीर्ण हालत में है। वहीं इससे भी ज्यादा निंदनीय स्थिति यह है कि हिंदू समाज के आराध्य प्रभु श्री राम का मंदिर को बरसात से बचाने के लिए त्रिपाल लगाई गई है जो आते जाते समाज को मुंह चिड़ा रही है। ऐसे में मंदिर समिति की सद्बुद्धि के लिए किए गए हनुमान चालीसा के पाठ में मौजूद सभ्य नागरिकों ने वर्तमान समिति के खिलाफ आवाज उठाते हुए समिति की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं और समाजजनों, प्रबुद्ध लोगों ने एक स्वर में वर्तमान अध्यक्ष और समिति पर अक्षमता का आरोप लगाए है ऐसे में लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि वर्तमान समिति मंदिर के जीर्णोद्धार में सक्षम नहीं है, तो उसे तत्काल भंग किया जाए और एक नई, कर्मठ समिति का गठन कर शीघ्र भव्य मंदिर के लिए निर्माण कार्य शुरू किया जाए। इसको लेकर आगे की रणनीति तय करने के लिए समाजनों ने एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 30 अक्टूबर को स्थानीय मानस भवन में बुलाई है।



इस बैठक में बड़ी संख्या में समाजसेवी संस्थाएं, व्यापारीगण और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान शनिवार को हुए हनुमान चालीसा के पाठ में शीतल माता मंदिर को भव्य रूप देने वाले समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रुपेश राठौर, पूर्व संघ कार्यवाह गणेश सोनी गोलू, भजन गायक राजू जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष धारवा, गोविंद सोनी, जितेंद्र ताम्रकार चांचू ,गोपाल ताम्रकार, विशाल चौरसिया, रवि शर्मा पार्षद, बसंत पाठक, राजीव गुप्ता, मनोज ददलानी, सुधीर जोशी, विनोद जस्साटी, संदीप गौतम, विपिन जायसवाल, गोविंद सेन, गोविंद चौहान, पवन वर्मा, राजेश राठौर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शिव महापुराण कथा मनुष्य के जीवन को सुलभ बनाती है: मिश्रा

**भगवान शिव के अर्धनारीश्वर का प्रसंग सुनाया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शिव महापुराण कथा मनुष्य के जीवन को सुलभ बनाती है। जन्म-जन्मांतर के पुण्य कार्य उदय होने पर ही संतों के श्रीमुख से प्रभु की महिमा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। भक्ति में लीन होकर ईश्वर के नाम का गुणगान व प्रार्थना करने से ही जीवन को सफल बनाया जा सकता है। मानव तथा ईश्वर के बीच का अंतर समझाया। मानव प्रकृति के वश में रहता है, जबकि प्रकृति ईश्वर के वश में है। हमारा विश्वास शिव के प्रति होना चाहिए तभी हमारा कल्याण होता। शिव की कृपा भक्त के विश्वास पर है, जब भक्ति में विश्वास और आस्था आती है तभी जीव का कल्याण होता है।

उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ आन लाइन शिव महापुराण के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। कथा के दौरान कहाकि जिंदगी में कई बार विपरित हालातों से भी सामना करना पड़ता है। तब हौसला नहीं खोना चाहिए। चित्त की शांति और चेहरे की मुस्कान ही हमारी असली ताकत होती है। जीवन के तमाम समस्याओं का हल सिर्फ एक लोटा जल है। भगवान शिव पर जल अर्पित करने से हमारे संकटों का हल मिलना शुरू हो जाता है। शिव भक्ति के लिए सादगी और विश्वास की आवश्यकता होती है। आगामी दिनों में धाम पर एक कमरे के निर्माण होने जा रहा है। उनमें कथा के दौरान आने वाले पत्रों को रखा जाएगा। यह पत्र उन श्रद्धालुओं के जिन्होंने एक लोटा जल हर समस्या का हल आदि के द्वारा भगवान शिव की भक्ति के द्वारा कष्टों का निवारण का उल्लेख है। इन पत्रों में लोगों की समस्याएं और सफलता की कहानियाँ होती हैं। उन्होंने कहाकि आप किसी के 99 कार्य कर दो, लेकिन एक कार्य नहीं करोगे तो वह आपके 99 कार्य को नहीं देखेगा। वह तो यही देखेगा कि आपने एक कार्य नहीं किया। इसी प्रकार मनुष्य भगवान से अनेक प्रकार की प्रार्थना करता है, लेकिन भगवान भक्त की वहीं कामना पूरी करता है जो भक्त के लिए सुखदायक हो। इंसान और ईश्वर में यही अंतर है। रविवार को कथा के दूसरे दिन भगवान शिव के अर्धनारीश्वर का प्रसंग सुनाया। इसमें बताया कि शिव व शक्ति दोनों एक ही रूप है। अर्धनारीश्वर रूप में सृष्टि के निर्माण की कहानी छिपी है। कथा के दूसरे में अनेक पत्रों का वर्णन किया, इस मौके पर नागदा उज्जैन से आई एक महिला के पत्र का वर्णन किया। पत्र में महिला ने बताया कि नौ सालों से उनके यहां पर संतान नहीं थी, लेकिन कथा का श्रवण करने के साथ शिव की कृपा और उनके विश्वास से उनके यहां पर संतान का जन्म हुआ है और वह कुबेरेश्वरधाम पर आशीर्वाद लेने आई है। इस तरह के हजारों की संख्या में धाम पर पत्र आते है, जिनमें श्रद्धालुओं के कष्टों का निवारण का उल्लेख रहता है। पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि आगामी दिनों में धाम परिसर में एक कमरे का निर्माण होने जा रहा है। वह पूरी तरह कांच का होगा, इसमें कथा के दौरान आने वाले पत्रों को संग्राहित किया जाएगा, इस कमरे में रखे पत्र इतिहास में साक्षी रहेंगे कि जिन्होंने भगवान पर विश्वास कर अपने जीवन को सफल किया है। अनेक शिव भक्त ऐसे है जिनको भगवान के मार्ग में पहुंचने से नशे से मुक्ति मिली है। पंडित मिश्रा ने कहाकि इन पत्रों के माध्यम से यह संदेश देते हैं कि शिव पर सच्चे मन से विश्वास करने से ही सभी समस्याओं का समाधान होता है। कई पत्रों में भक्त बताते हैं कि भगवान शिव को श्रद्धापूर्वक एक लोटा जल चढ़ाने मात्र से उनके जीवन में बड़े बदलाव आए और कष्ट दूर हुए। कई लोगों ने बताया है कि व्रत करने से उनकी मनोकामनाएं पूरी हुईं।

# संसार में दुख ही दुख है, संसार से मोह छूटने पर संसार से पार हो जाओगे : मुनिश्री सानंद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मनुष्य भी पांच इंद्रिय पापों को गले लगाए हुए हैं। इंद्रियों से मोह छूटने पर आत्म कल्याण होगा। संसार में दुख हमारी सोच के कारण है। भय का भूत है। संसार में दुख ही दुख है। संसार को अपने में नहीं समाएं, संसार से मोह छुटा तो संसार से पार हो जाते है। आपके हाथों में है पाप कमाना है कि पुण्य कमाना। संसार अनंत है और दुख देने वाला है। मिथ्यात्व और अज्ञानता से पुदगल को अपना कह रहे हैं। संसार बढ़ाने के कर्मों का क्षय कर दो, चौदहवें गुण स्थान में आश्रव नहीं है। नियम, संयम धारण कर मोक्ष मार्ग पर अग्रसर हो। चिंतन करना संसार में जिसे आप अपना समझ रहे हैं वह आपके नहीं।गौतम गणधर को मोक्ष , केवल्य ज्ञान नहीं हो रहा था उन्हें महावीर स्वामी से मोह था, महावीर स्वामी के मोक्ष जाते ही गणधर स्वामी को केवल्य ज्ञान प्राप्त हुआ।समता परिणाम मोह के कारण नहीं आते हैं।मन,वचन में कुछ और काया में कुछ और है। स्वार्थ पूर्ति के लिए सत्य को भी असत्य करता है व्यक्ति।

उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान आचार्य आर्जव सागर मुनिराज के शिष्य मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने रत्नकरण्डक श्रावकाचार ग्रंथ का स्वाध्याय कराते हुए कहीं। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शनिवार को सुबह भगवान पार्श्वनाथ जी की भव्य प्रतिमा के समक्ष श्री पंच परमेष्ठि विधान संपन्न हुआ। उक्त विधान के लाभार्थी जितेंद्र कुमार जैन अनिरुद्ध जैन जेके परिवार सहित स्नेहीजनों ने विधान पर अर्घ्य भक्ति भाव के साथ चढ़ाएं। विधान समाज के वरिष्ठ मिश्रीलाल जैन, जैनपाल जैन ने धार्मिक विधि विधान से संपन्न कराया। समाज के पूर्व संरक्षक कैलाशचंद जैन एलआईसी,महेंद्र जैन जादूगर, सुमत जैन, मनीष पोरवाल,नरेन्द्र गंगवाल, पवन जैन काका, अशोक जैन, प्रकाशचंद्र जैन दीपक जैन, सौरभ जैन, भूपेंद्र जैन, दीपक जैन कंचन सहित अनेक श्रावक एवं श्राविकाओं ने विधान पूजन में शामिल होकर अर्घ्य चढ़ाएं। मुनिश्री ने आशीष वचन देते हुए आगे कहा कि घर, मोहल्ला, ग्राम, खेत, नदी, वन और योजनों की मर्यादा करने को वृद्ध तपस्वी जन देशावकाशिक व्रत की सीमा बतलाते हैं। अर्थात मैं अमुक समय तक देश से बाहर नहीं जाऊंगा, ऐसा नियम करना देशावकाशिक व्रत है। वर्ष, ऋतु, मास, चातुर्मास, पक्ष और नक्षत्र के आश्रय से नियत प्रदेश में रहने के नियम करने को ज्ञानी जन देशावकाशिक व्रत की काल मर्यादा कहते हैं। मुनिश्री ने कहा सीमाओं के अंत में परवर्ती क्षेत्र में स्थूल और सुक्ष्म पापों के त्याग हो जाने से देशावकाशिक व्रत के द्वारा महाव्रतो का साधन किया जाता है। आपने सामायिक के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जहां पर चित्त में विक्षोभ उत्पन्न न हो ऐसे एकांत स्थान में, वनों में, वसतिकाओं में अथवा चेत्यालयों में प्रसन्न चित्त से सामायिक की वृद्धि करना चाहिए।

### जिले को तंबाकू मुक्त बनाने चलाया अभियान

**सीहोर।** नागरिकों को तंबाकू से होने वाली घातक बीमारियों से बचाने और जागरूक करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 09 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक 60 दिवसीय विशेष अभियान 'टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शासन द्वारा अभियान के तहत सीहोर जिले के 400 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य प्रदान करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अभियान के तहत प्रथम चरण में जिले के 100 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने लक्ष्य निर्धारित किया। नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में अनेक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के अंतर्गत चित्रकला, शपथ और तंबाकू चालानी कार्रवाई के माध्यम से लोगों को तंबाकू से बचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि जिले में तंबाकू मुक्त जिला बनाया जा सके। इस अभियान में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभागों द्वारा सहभागिता की जा रही है।

# बालिकाओं ने राज्य स्तरीय कला महोत्सव में रचा इतिहास, राष्ट्रीय स्तर पर करेंगी प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर की प्रतिभाशाली बालिकाओं ने कला के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भोपाल स्थित भूमि एवं जल प्रबंधन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय कला महोत्सव में परिसर की छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ ही कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर के कला महोत्सव हेतु किया गया है, जहां वे मध्यप्रदेश का नेतृत्व करते हुए अपने राज्य का गौरव बढ़ाएंगी।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की अपर परियोजना संचालक, (समग्र शिक्षा अभियान) श्रीमती मनीषा सेतिया द्वारा विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने छात्राओं के आत्मविश्वास, टीम भावना और लोककला के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय प्रबंधन के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि चयनित छात्राएं अब पुणे (महाराष्ट्र) में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो हमारे मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस अद्भुत उपलब्धि पर कन्या शिक्षा परिसर परिवार, प्रबंधन समिति एवं सूर्या फाउंडेशन ने सभी छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# महिला किसान के खेतों पर कब्जा करने दंबगों ने ट्रैक्टर से नष्ट कर दी फसल, एसपी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के ग्राम जानपुर बावड़िया निवासी रामसभा के खेत पर बीते दिनों गांव के ही दबंग रमेश आत्मज जगन्नाथ, भगवत आत्मज जगन्नाथ, महेन्द्र उर्फ पप्पू आत्मज रमेश सहित अन्य लोगों ने कब्जा करने के लिए खेत में बोई फसल को नष्ट कर दिया। जबकि पीड़िता व्यवहार न्यायालय वर्ग-2 के प्रकरण क्रमांक 218-अ/2021 रामसभा विरूद्ध रमेश चन्द्र आदि में पारित निर्णय 28 जून 2025 को रामसभा के हित में स्थाई निषेधाज्ञा का आदेश पारित किया गया। जिसकी आरोपी रमेश आदि ने जिला न्यायालय में अपील प्रस्तुत की जिसकी विचाराधीन है।

ग्राम बावड़िया निवासी पीड़िता ने एसपी के नाम ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। रामसभा ने बताया कि मेरे स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नंबर 617/1 रकबा 0.299 हेक्टेयर स्थित ग्राम जानपुर बावड़िया पर 24 अक्टूबर को गेहूं की बोई हुई फसल पर आरोपीगण रमेश आदि द्वारा बलपूर्वक ट्रेक्टर चलाकर फसल को नष्ट कर दिया गया। आवेदक व उसके पुत्र ने आरोपीगण को रोकने की कोशिश भी की। मौके पर मौजूद मेड़ पड़ोसी ने बीच-बचाव किया, नहीं तो आरोपी रमेश, भगवत, महेन्द्र उर्फ पप्पू मुझे व मेरे पुत्र सुनील को ट्रैक्टर से कुचलकर जान से खत्म कर देते। रामसभा ने बताया कि उसके हित मे व प्रतिवादी रमेश आदि के विरूद्ध प्रथम व्यवहार न्यायाधीश द्वारा पारित स्थाई निषेधाज्ञा के पश्चात भी रमेश आदि अपने पुत्र, भाई, के साथ आकर कृषि भूमि पर जबरिया बलात, दादागिरी कर ट्रेक्टर चलाकर गेहू की फसल को नष्ट कर दिया। जिससे पीड़िता को लगभग पचास हजार का नुकसान फसल बोने की तैयारी, बीज-खाद आदि मे खर्च व होने वाली लगभग 25 क्विंटल फसल का भी नुकसान हुआ। जिसके जिम्मेदार आरोपीगण है। पीड़िता के पिता ने एसपी को आवेदन देकर उक्त घटना करने वालों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### विधायक गोपाल सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से की मुलाकात

# किसानों को जल्द बीमा की राशि दिलाने की रखी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने रविवार को भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर उन्हें दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। भेंट के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने गत दिवस सीहोर जिले के बिलकिसगंज झागरिया से आष्टा के लगभग 85 हजार किसानों के खाते में पीलामोजक व अन्य बीमारियों से खराब हुई सोयाबीन की फसल का मुआवजा राशि डाले जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

स्मरण रहे गत दिवस मुख्यमंत्री जी ने बिलकिसगंज झगरिया से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के लगभग 85 हजार किसानों के खाते में वन क्लिक से खराब हुई सोयाबीन की फसल का मुआवजा राशि डाली थी। भेंट के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को जो बीमा की राशि रुकी हुई है उसे भी जल्दी से जल्दी खातों में डलवाने की मांग रखी। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की मांग पर विधायक मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले को देखेंगे।